>

Title : Need to include Kota city in Rajasthan in the list of examination centres for conducting various All India level Engineering/Medical examinations.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र कोटा राजस्थान का तीसरा बड़ा शहर है जो कृषि एवं व्यापार का बड़ा केन्द्र बन चुका है। कोटा में बड़े-बड़े शिक्षा संस्थान हैं, जिसमें आई.आई.टी, ए.आई.ई.ई.ई. इंजिनियरिंग एवं ए.आई.पी.एम.टी. मेडिकल प्रवेश संबंधी कोचिंग क्लास इन शिक्षा संस्थानों द्वारा चलाई जाती है, जिसके कारण कोटा को एक शिक्षा शहर के नाम से भी जाना जाता है, परंतु अभी तक उपरोक्त तकनीकी एवं चिकित्सा प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कोटा में कोई परीक्षा केन्द्र नहीं है, जिसके कारण कोटा में कर रहे कोचिंग क्लासों के छात्रों को अन्य जगह दूर जाना पड़ता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि कोटा में आई.आई.टी. प्रवेश, ए.आई.ई.ई.ई. इंजिनियरिंग एवं ए.आई.पी.एम.टी. मेडिकल शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश संबंधी परीक्षा केन्द्र कोटा में किये जायें।